বৰ্ষাৰণ্যম্

वर्षारण्यम्

বৰ্ষাৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠান
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान



ই-আলোচনী
সংখ্যা-২

ई-पत्रिका
संख्या-२

ভাৰতীয় বন গৱেষণা আৰু শিক্ষা পৰিষদ
পৰিৱেশ,বন আৰু জলবায়ু পৰিবৰ্তন মন্ত্ৰালয়,ভাৰত চৰকাৰৰ অধীনস্থ এক স্বায়ত্ত পৰিষদ
পো.ব.সংখ্যা ১৩৬,যোৰহাট-৭৮৫০০১,অসম

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीनस्थ एक स्वायत्त परिषद्
पोस्ट बॉक्स सं. १३६,जोरहाट –७८५००१, असम

वर्षा অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠানৰ ই-আলোচনী

वर्षा वन अनुसंधान संस्थान की ई-पत्रिका

संपादक
श्री शंकर शर्मा

संपादना सहयोग मण्डल
श्री भूबन कछारी
श्री असीम चेतिया

संपदना कक्ष
हिन्दी प्राकोष्ठ

आवरण एवं साज-सज्जा
श्री भूबन कछारी

आवरण: वैश्विक जलवायु परिवर्तन

हिन्दी अधिकारी
डॉ. विपिन प्रकाश

संरक्षक
डॉ. आर.एस.सी. जयराज, भा.व.से.
निदेशक
वर्षा वन अनुसंधान संस्थान
भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद
जोरहाट - 785001, असम

इस पत्रिका में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार अनिवार्यतः वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट के नहीं हैं।

বিষয়-সূচী | विषय-सूची

निदेशक के संदेश 3
গৱেষণা সমন্বয়কৰ শুভেচ্ছাবাণী..... 4
सचिव, नराकास, जोरहाट का संदेश..... 5
संपादकीय..... 6
हिन्दी अधिकारी के दृष्टिकोण से..... 7
পাঠকৰ দু-আষাৰ / पाठकों के दो शब्द 8
मेरे कुत्ते..... 9
सैनिक है उनका नाम (कविता)..... 9
जतिंगा- पक्षियों का रहस्य..... 10
शांति (कविता)..... 12
हिन्दी प्रकोष्ठ की गतिविधियां 12
हिन्दी सप्ताह समारोह - 2015 की कुछ झलकियाँ 16
भारत की अखण्डता और राजभाषा 17
राजभाषा अधिनियम, 1963 18
প্ৰদূষণ মুক্ত ঘৰুৱা পৰিৱেশ 22
মই এটা গল্প লিখিম 23
চাকৰি জীৱনৰ অভিজ্ঞতা 24
লাজুকী বান্দৰ 26
বেলি মাৰ গ'ল 27
বিশেষভাৱে সক্ষম শিশুসকলৰ প্ৰতি সমাজৰ দায়িত্ব 29
প্ৰাচীন গ্ৰীক সভ্যতাৰ এক সুন্দৰ নিদৰ্শন-এক্ৰ'পলিচৰ পাৰ্থেনন..... 31
গীটাৰ / পথী (কবিতা)..... 32
স্বচ্ছতা / অনুভৱ

संदेश

डॉ. आर. एस. सी. जयराज, भा.व.से.
निदेशक, तथा
अध्यक्ष
राजभाषा कार्यान्वयन समिति

'वर्षारण्यम' पत्रिका ने सितंबर, 2015 में इसके विमोचन से एक वर्ष की अवधि सम्पूर्ण की है। संस्थान के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने इस पत्रिका को प्रकाशित करने में जो सहयोग दिया वह प्रशंसनीय है। परंतु, कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों से सहभागिता ज्यादा वांछनीय है, विशेष रूप से बच्चों से। इस ई-पत्रिका के प्रकाशन के पीछे केवल हिन्दी और असमीया को प्रोत्साहित नहीं करना है, बल्कि समस्त वर्षा वन अनुसंधान संस्थान परिवार के सदस्यों की सृजनशीलता को आगे लाना है। आईए, हम बच्चों की सृजनशीलता से पत्रिका के आगामी संख्याओं को और अधिक रोचक बनाएँ।

मैं, डॉ. विपिन प्रकाश, हिन्दी अधिकारी और श्री शंकर शर्मा, कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक को पत्रिका के निरंतर प्रकाशन के लिए उनके प्रयास को बधाई देता हूँ।

(डॉ. आर. एस. सी. जयराज)
निदेशक

শুভেচ্ছাবাণী

ড° ৰাজীৰ কুমাৰ বৰা
বৈজ্ঞানিক-এফ তথা সমূহ সমন্বয়ক (গৱেষণা)

'বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্রতিষ্ঠানে' ৰাষ্ট্রভাষা হিন্দীৰ প্রচাৰৰ বাবে বিভিন্ন ধৰণৰ প্রচেষ্টা হাতত লৈ আহিছে। হিন্দীক ৰাষ্ট্রভাষা হিচাপে স্বীকৃতি দিয়া হ'ল যদিও সকলো কার্য্যালয়তে এই ভাষাৰ যিধৰণে প্রচলন আৰু ব্যৱহাৰ হ'ব লাগিছিল, তেনেধৰণৰে হোৱা দেখা পোৱা নাই। ৰাষ্ট্রভাষাৰ নিয়ম অনুযায়ী হিন্দী ভাষাৰ প্রচলনৰ প্রসাৰৰ ওপৰত অধিক গুৰুত্ব দিয়া উচিত।

এই ক্ষেত্রত আমাৰ প্রতিষ্ঠানৰ তৰফৰ পৰা হিন্দী ভাষাক অধিক জনপ্রিয় আৰু অধিক প্রসাৰৰ বাবে এখন দ্বিভাষিক ই-আলোচনী প্রকাশ কৰিবলৈ যি পদক্ষেপ হাতত লৈছে সেইয়া সঁচাকৈয়ে প্রশংসনীয়।

এই আলোচনীখনত অসমীয়া ভাষাৰ লগতে হিন্দী ভাষাত প্রৱন্ধ, কবিতা, গৱেষণা সম্বন্ধীয় বিষয়ত বিভিন্ন লেখনি লিখিবলৈ কার্য্যালয়ৰ সকলো কর্মচাৰীক উৎসাহ দিয়া হৈছে।

মই এই আলোচনীখনৰ দীর্ঘায়ু কামনা কৰিছোঁ।

ৰাজীৰ কুমাৰ বৰা

(ড° ৰাজীৰ কুমাৰ বৰা)
সমূহ সমন্বয়ক (গৱেষণা)

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जोरहाट

TOWN OFFICIAL LANGUAGE IMPLEMENTATION COMMITTEE, JORHAT

(established by Govt. of India, Ministry of Home, under the Chairmanship of Director, NEIST : all Central Govt offices of Jorhat are member)

उत्तर-पूर्व विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संस्थान, जोरहाट, आसाम : भारत
NORTH-EAST INSTITUTE OF SCIENCE AND TECHNOLOGY] JORHAT,ASSAM:INDIA
Ph: 0376+ 2370012/2372523(Chairman) EPABX: 2370117*2245 (TOLIC Office)
Gram: RESEARCH Fax : 0376-2370011/ 2370115
E mail : director@rrljorhat.res.in / kumar_a@rrljorhat. res.in
hindicell@rrljorhat.res.in Website : www.neist.res.in

सचिव

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जोरहाट

संदेश

वर्षा वन अनुसंधान संस्थान, जोरहाट से प्रकाशित ई-पत्रिका **'वर्षारण्यम'** राजभाषा एवं कार्यालय की सह भाषा अर्थात असमियाँ, हिंदी एवं अँग्रेजी का सुंदर समागम प्रस्तुत करता है । तीनों भाषाओं की रचनाएँ पत्रिका में चार चांद लगा रहे हैं । यहाँ के किसी भाषा-भाषी के लिए सहज पठनीय प्रतीत होता है । पत्रिका का गेट-अप एवं संपादन की सशक्तता इसे आकर्षक बनाता है । 'वर्षारण्यम' में पूर्वोत्तर भारत के सप्तभागिनी प्रदेशों की खुशबू आती है ।

इस प्रकार के पत्रिकाओं के प्रकाशन से राजभाषा हिंदी के विकास में महत्त्वपूर्ण सहयोग मिलता है । पत्रिका निर्माण से जुड़े सभी व्यक्तियों को हार्दिक बधाई देता हूँ ।

आशा है 'वर्षारण्यम' का निर्माण एवं रचनाकारों की समभागिता सतत जारी रहेगा । आप सभी को मेरी ओर से एवं नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जोरहाट के समस्त सदस्य कार्यालयों की ओर से से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ ।

आपका

अजय कुमार

संपादक के कलम से...

शंकर शर्मा
कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक

सर्वप्रथम, सभी को हिन्दी प्रकोष्ठ की ओर से हिन्दी दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ। हमारें लिए सौभाग्य की बात है कि एक वर्ष के अंतराल के बाद आपके समक्ष उपस्थित होने का पुनः अवसर प्राप्त हुआ है। संस्थान के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने हमारें प्रथम प्रयास को अपनाया यह जानकार हमें खुशी हुई। अगस्त २००९ को मेरी नियुक्ति इस संस्थान में हिन्दी अनुवादक के रूप में हुई थी। शून्य से शनै: शनै: राजभाषा हिन्दी को संस्थान के समस्त परिवार तक पहुंचाने का जो गुरु दायित्व आरंभ से मुझे मिला है उसे शत प्रतिशत निष्ठा से निभाने का मैं वचनबद्ध हूँ। राजभाषा हिन्दी का मूलमंत्र है हिन्दी के साथ-साथ सभी भाषाओं का विकास। हिन्दी भाषा को किसी अन्य भाषा के ऊपर वर्चस्व नहीं दिखाना है अपितु सहभगिनी की तरह एक साथ प्रवाहित होना है। परंतु कुछ हिन्दी भाषी यह भूल जाते है कि भाषा किसी पर थोपी नहीं जा सकती है। आशा है कि भगवान उन्हें सुमति देंगे। हिन्दी और असमीया, दोनों भगिनियों के प्रचार-प्रसार के मूलमंत्र को लक्ष्य के रूप में रखते हुए श्री भूबन कछारी, श्री असीम चेतिया और मेरे मन में एक हिन्दी-असमीया द्विभाषी पत्रिका प्रकाशित करने का बीज अंकुरित हुआ। आज वह बीज एक पौधा बन आपके समक्ष प्रस्तुत है। आशा है कि 'वर्षारण्यम' की दूसरी प्रति को भी आप सभी का पूर्ण सहयोग और प्यार मिलेगा।

'वर्षारण्यम' के प्रथम अंक में हमने पाया कि हमारें संस्थान में ऐसे बहुत कार्मिक हैं जिनमें सृजनशीलता भरी पड़ी हैं। अपने दैनिक कार्यों और आजीविका के पीछे भागते हुये लोगों के लिए यह पत्रिका एक सशक्त माध्यम बन के आगे आया है। इस पत्रिका में ज्ञानवर्धक लेखों, सारगर्भित रचनाओं, रोचक कहानियों, कविताओं आदि के प्रकाशन से जो सृजनशीलता की धारा बही है उसमें गोते लगाने के लिए मैं सबका आह्वान करता हूँ। मैं विशेषकर बच्चों को कुछ कहना चाहता हूँ जिनमें कुछ कर दिखाने का उमंग हैं, आप अपनी कल्पना रूपी पंखों को खुले आशमान की असीम उड़ान पर छोड़ दें।

पुनः राजभाषा हिन्दी के संबंध में विचार व्यक्त करते हुए यह बात स्पष्ट करना है कि हिन्दी के विकास में हिंदीतर या अहिंदी भाषियों का बहुत बड़ा योगदान हैं। १४ सितंबर, १९४९ को जब हिन्दी को राजभाषा के रूप में स्वीकार किया जा रहा था तो उस नियम पर हस्ताक्षर करने वाले हिंदीतर भाषियों की संख्या कम नहीं थी। हिन्दी आज भारत संघ की राजभाषा के रूप में स्वीकृत है, जिसका श्रेय: हिंदीतर भाषियों को जाता है। हम चाहते हैं कि नियमित कार्यशाला, संगोष्ठी, व्याख्यान, मासिक प्रगति प्रतिवेदन के अतिरिक्त हिन्दीतर भाषियों को हिन्दी के प्रचार-प्रसार में प्रोत्साहित किया जाए, तो ही हिन्दी का विकास संभव है।

अंत में, मैं पत्रिका के सभी लेखकों को उनके रोचक, मौलिक और मननशील रचनाओं के लिए धन्यवाद देता हूँ जिनके बिना यह कार्य असंभव है। मैं उनको भी धन्यवाद देना चाहता हूँ जो पत्रिका के आगामी अंकों में अपनी रचनाएँ प्रेषित करते हुए हमें कृतार्थ करने का संकल्प ले रहे हैं। आशा है कि पाठक हमें अपने बहुमूल्य सुझावों से मार्गदर्शन देते रहेंगे।

धन्यवाद।

পাঠকৰ দু-আষাৰ / पाठकों के दो शब्द

নিবেদিতা বৰুৱা দত্ত
গৱেষণা সহায়ক

শংকৰ, ভুৱনদা আৰু অসীমৰ প্ৰচেষ্টাত প্ৰাণ লৈ উঠা এই ই-আলোচনী "বৰ্ষাৰণ্যম্" হৈছে আমাৰ প্ৰতিষ্ঠানৰ সাহিত্য জগতৰ ক্ষেত্ৰত এক নতুন দিগন্ত। কৰ্মময় জীৱন আৰু ঘৰুৱা পৰিৱেশত ক্ৰমান্বয়ে যতি পৰি যোৱা আমাৰ সকলোৰে সৃষ্টিশীল মনটোক সজীৱ কৰি তোলাত এই ই-আলোচনীখনে যথেষ্ট জ্ঞান আৰু আমোদ দিবলৈ সক্ষম হৈছে। ভিন্ন দিশত ভিন্ন মৌলিক ৰচনাৰে সমৃদ্ধ এই ই-আলোচনীখনিৰ দ্বিতীয় সংস্কৰটো যাতে অতি শীঘ্ৰেই প্ৰকাশিত হয় তাৰেই কামনাৰে।

"বৰ্ষাৰণ্যম্" পঢ়ি আপ্লুত হ'লো। "বৰ্ষাৰণ্যম্" আলোচনী খনৰ জন্মৰ নেপথ্যত থকা ত্ৰিমূৰ্তি শংকৰ শৰ্মা, ভুবন কছাৰী আৰু অসীম চেতিয়াৰ আশাশুধীয়া প্ৰচেষ্টাৰ আন্তৰিক শলাগ ল'লো। আলোচনীখনৰ প্ৰচ্ছদ বৰ সুন্দৰকৈ সজাই তুলিছে। নিৱন্ধ, কবিতা আৰু বিভিন্ন মননশীল লিখনিৰ সম্ভাৰেৰে আলোচনীখন অতি মনোগ্ৰাহী হৈছে।
আলোচনীখনৰ উত্তৰোত্তৰ কামনা কৰিলোঁ আৰু আশা কৰিলোঁ এই ত্ৰিমূৰ্তিৰ প্ৰচেষ্টাত অতি শীঘ্ৰে পৰৱৰ্তী সংস্কৰণ পঢ়িবলৈ পাম।

শ্ৰীমতী চুমকী ডেকা
সহধৰ্মিণী: শ্ৰী অৰবিন্দ ডেকা

শ্ৰীমতী আদৃতা বৰকটকী
অধ্যাপিকা: জ্ঞানপীঠ অকাদেমী, টিযক
অৰ্ধাংগিনী: শ্ৰী শংকৰ শৰ্মা

"वर्षारण्यम" पत्रिका के सम्पादन से जुड़े सभी व्यक्तियों को मैं हार्दिक शुभकामनाएँ देती हूँ। इस ई-पत्रिका को वेबसाइट में अपलोड करने के अतिरिक्त यदि प्रकाशित किया जाये तो और भी अधिक सराहनीय होगा। क्योंकि आज के इस सूचना प्रौद्योगिकी के युग में भी पुस्तक का प्रभाव ज्यादा पड़ता है। साथ ही बहुत लोगों को इंटरनेट का ज्ञान नहीं होता है। मेरी आशा है कि "वर्षारण्यमà" की मुद्रित प्रति भविष्य में हमे पढ़ने को मिलेगी।

प्रथम अंक में प्रकाशित श्री भूबन कछारी जी का लेख "**आजिৰ সমাজত যোগৰ প্ৰাসংগিকতা** " पढ़ा जो बहुत ही समयोपयोगी है। योग का महत्व आज पूरे विश्व में फैल चुका है। योग ही "वसुधैव कुटुम्बकम" की धारणा को सार्थक बनायेगा। अन्य सभी लेख बहुत ही रोचक और ज्ञानवर्धक है। मैं आशा करती हूँ कि जल्द ही पत्रिका कि दूसरी प्रति प्रकाशित होगी।

हिन्दी विभाग

मेरे कुत्ते

मेरे दो कुत्ते हैं। उनके नाम ब्रूतस और लक्की है। वह दोनों बहुत प्यारे है। वे बस एक महीने के थें जब मेरे पापा उन्हें घर लेके आये थें। बरूतस का रंग काला और भूरा है और वह जर्मन शेफर्ड परिवार से है। लक्की का रंग काला, भूरा और सफेद है और वह जर्मन शेफर्ड और नागा कुत्ते के संकर परिवार से है। ब्रूतस की खास चींज उसके सुंदर आँखे है और लक्की की सुंदर पूँछ है। जब मैंने उनको पहली बार देखा तो मैं खुशी से उछल पड़ी।। वो दोनों मुझे बहुत पसंद करते हैं और वो दोनों हमारी हर बात सुनते हैं। दोनों कुत्ते बहुत समझदार और जिम्मदार हैं। मैं जब स्कूल से वापस आती हूँ तो, दोनों मुझे देखकर उछल पड़ते हैं। उनके आने से जैसे जीवन में रौनक आ गई। मैं उन्हें बहुत प्यार करती हूँ।



ब्रूटस

लक्की



स्वास्तिका

कक्षा V, आर्मी पब्लिक स्कूल, गुवाहाटी
सुपुत्री: श्रीमती बेबीजा कंगाबम,
अनुसंधान सहायक

सैनिक है उनका नाम.....

देश की रक्षा करते है वह हर दम
मिला कदम से कदम।
वीर है वह, है वह देश का शान
सैनिक है उनका नाम, वह है बहुत महान।।

थरथराती ठंड हो या तेज तर्रार धूप
डरा नहीं सकते उनको मौसम का किसी भी रूप।
बारिश हो या हवा का तूफान
सैनिक है उनका नाम, वह है बहुत महान॥

परवाह नहीं उनको अपनी जान
सदा ऊंचा रखते है देश का मान।
सीने पर लेते है दुश्मनों का हर वाण
सैनिक है उनका नाम, वह है बहुत महान॥

परिवार से दूर, कर जाते है अपना काम
नहीं लेते वह एक पल का आराम।
देश के लिए करते है अपना जीवन दान
सैनिक है उनका नाम, वह है बहुत महान॥

देवाक्षी कश्यप
स्नातक प्रथम वर्ष
काजीरंगा विश्वविद्यालय

जतिंगा - पक्षियों का रहस्य

'ये भगवान के डाकिये हैं, जो एक महादेश से दूसरे
महादेश जाते हैं।
हम तो समझ नहीं पाते हैं, मगर उनकी लायी चिठ्ठियाँ
पेड़, पौधे, पानी और पहाड़ बाँचते है।'
-रामधारी सिहं 'दिनकर'

यूँ तो आकाश का विस्तार साधारण मानुष्य के लिए अकल्पनीय है परंतु इस नभ में विचरने वाले पक्षियों को इसका भली भांति आभास है। असीमित नभ में पक्षी जिस तरह स्वच्छन्दता से विचरते है यह वर्णन कदाचित रोचक है। यद्यपि मनुष्य के मन को चंचल अति चंचल कहा गया है, परंतु यह काल्पनिक चंचलता, पक्षियों की वास्तविक चंचलता से भिन्न है क्योंकि हम सिर्फ कल्पना करते है और पक्षी उसी नभ में गोते लगाते हैं। प्रजनन व अन्य कारणों से प्रवास करते हुए पक्षी अपनी उड़ान से इस धरा को न जाने कितनी बार नापते हैं, परंतु एक स्थान है जो कि पक्षियों का रहस्य है- वह स्थान है जतिंगा।

जतिंगा असम के डिमा हसाओ जिले मे है और गुवाहाटी से लगभग 330 किमी की दूरी पर हाफलोंग, लमडिंग एवं सिलचर पर्वतमालाओं के मध्य स्थित है। एक निश्चित 1.5 किमी एवं 200 मीटर चौड़े भूभाग में पक्षियों को आकर मरते हुए देखना अविश्वसनीय है। इसी कारण से जतिंगा को पक्षियों की आत्महत्या की घाटी कहा जाता है। जतिंगा इसी नाम से सारी दुनिया के पर्यटकों में विख्यात व लोकप्रिय है। दुनिया भर से पर्यटक यहाँ यह दृश्य देखने को आते हैं।ऐसा नहीं कि जतिंगा में निश्चित समय है। साल के सितंबर से नवंबर माह तक का समय जब प्रकृति अपनी अनौखी छटा विखेरती है तब मानसून के महीने में यह रहस्यमयी प्रसंग उत्पन्न होता है। जब हवा दक्षिण से उत्तर की ओर बहती है और काली अंधेरी चंद्रमा रहित रात में संध्या 7 बजे से रात्री 9 बजे तक कोहरे और धुंध का संयोग बनता है तब इसी अवसर पर जतिंगा की विश्व प्रसिद्ध रहस्यमयी घटना- पक्षियों का आत्मघात शुरू होता है। हाँ, यह एक रहस्यमयी घटना है क्योंकि पक्षी आत्महत्या की प्रवृति के लिए नहीं जाने जाते हैं।

साधारण जन मानस के लिए यह एक मनोरंजक घटना है जिसे आत्महत्या कह कर वे अपना आमोद-प्रमोद प्राप्त कर लेते हैं। परंतु वन्यजीव वैज्ञानियों, परिस्थितिकि विज्ञान के जानकारों एवं पर्यावरण वैज्ञानियों के लिए यह एक गूढ़ रहस्य बना हुआ है कि ऐसा क्या अनोखा है कि हर साल हजारों की संख्या में पक्षी यहाँ मृत पाये जाते हैं। इस पहेली को सुलझाने के कई प्रयास किए गए हैं, जिसमें कहा गया है कि पक्षी स्वयं आत्मघात के लिए यहाँ नहीं आते हैं अपितु वे यहाँ आकार अपनी दिशा भटक जाते हैं और काल के गाल में समा जाते हैं।

वैज्ञानिकों का मत है कि सितंबर से नवंबर माह में बारिश एवं कोहरे से सम्पूर्ण वातावरण अत्यंत क्लिष्ट हो जाता है, ऐसे समय में पक्षी अपनी दिशा परखने कि क्षमता खो देते है और भ्रमित हो जाते है। रात्रि में जब स्थानीय

जन प्रकाश करते है तो ये निरीह पक्षी उसी तरफ उड़ चलते हैं जिस कारण इनकी बड़ी संख्या में मृत्यु होती है। वैज्ञानियों में इस बात पर अभी भी सहमति नहीं है कि पक्षी दिशा भ्रमित कैसे हो सकते हैं? कारण यह है कि कई पक्षी जैसे कि साइबेरियन क्रेन, ब्लू थ्रोट लौंग बिल्ड पाईपेट, स्टारलिंग, वुड सेंडपाइपर उत्तरीय पिनटेल आदि सुदूर देशों से कई प्रकार की विषम परिस्थितयों का सामना कर के आते हैं इन्हें दिशा भ्रम नहीं होता। ये साल दर साल एक ही समय पे एक साथ अपने प्रवास के लिए भारत के विभिन्न हिस्सों में जाते हैं फिर जतिंगा इस से भिन्न क्यों है। वैज्ञानिकों ने इस रहस्य से पर्दा उठाने का प्रयास किया है। एक अध्ययन में यह तथ्य प्रकट हुआ है कि जो भी पक्षी यहाँ मृत होते है उनमें प्रवासी पक्षी की तुलना में स्थानीय पक्षियों की संख्या अधिक है। यह भी अनुमान लगाया गया है कि मानसून के उत्तरार्ध मे असम की अधिकाँश जल स्त्रोत बाढ़ में डूब जाते हैं। पक्षी अपने प्राकृतिक आवास खो देते हैं और उन्हें दूसरे स्थानों के लिए प्रवास करना पड़ता है। जतिंगा इनके प्रवास मार्ग में पड़ता है और यहाँ आकर पक्षी दिशाभ्रमित हो जाते हैं। भ्रमित पक्षी प्रकाश स्त्रोत के पास रुक जाते हैं और घबड़ाये हुए पक्षी वहाँ से उड़ने का प्रयास भी नहीं करते हैं। बुद्धिजीवियों का मत हैं कि कुछ पक्षी तो दिशा भ्रमित होते हैं और मार्ग में आने वाले पेड़ों और ऊँचे ऊँचे बाँस के झुरमुटों से टकराकर मर जाते हैं किन्तु अधिकांश पक्षी स्थानीय जनों के द्वार शिकार के उपक्रम में बांस-गुलेल से मार गिराये जाते हैं।

एक अन्य अध्ययन में प्रकट हुआ है कि कुल 44 प्रजाति के पक्षी प्रकाश स्त्रोतों की तरफ आकर्षित होते हैं, जो पक्षी उत्तर दिशा से आते हैं वे दक्षिण में रखे प्रकाश स्त्रोत की तरफ आकर्षित नहीं होते। यह भी सिद्ध किया गया है कि पक्षी सम्पूर्ण जतिंगा पहाड़ी की और आकृषित नहीं होते बल्कि एक निश्चित 1.5 किमी. लम्बे और 200 मीटर चाड़े भूपट्टी की और ही आकृषित होते हैं। जतिंगा विश्व में ऐसा एकमात्र स्थान नहीं है जहाँ इस प्रकार की घटना संज्ञान मेम आयी है। ऐसी घटना फिलिपींस, मलेशिया और भारत के अन्य राज्य मिज़ोरम में भी देखने को मिली है। जतिंगा रहस्य के संबंध में 1988 में डॉ. सलीम अली, डॉ. एस. सेनगुप्ता और डॉ. ए. रौफ आदि सम्मानित पक्षी वैज्ञानिकों ने जतिंगा रहस्य का अध्ययन किया है किन्तु किसी भी एक सिद्धांत परिकल्पना द्वारा इसका व्यापक स्पष्टीकरण संभव नहीं हो सका है अर्थात इस रहस्य को और भी गहराई से समझने की अति आवश्यकता है।

श्री अजय कुमार, वैज्ञानिक-बी
पारिस्थितिकी एवं जैवविविधता प्रभाग

शांति

शांति, शांति, शांति
जिसको पाने के लिए
तरसते है हर कोई।

चारों ओर फैला
आतंक और दंगा
बन गया
अपनो का ही खून का प्यासा।

अगर यही है
जीव श्रेष्ठ प्राणी
मानव का उदारता
इससे तो अच्छा
पंछी और पशु का जीवन बिताना।
आओ फैलाएँ
मलाला और गांधी के वार्ता
हर कोई अपनाए
अहिंसा का रास्ता।
हम सबकी यही है आशा
शांति के रंगों से
रंग ले धरती माता॥

निबेदिता बरुआ दत्त
अनुसंधान सहायक
जैव-पर्वेक्षण एवं स्वदेशी ज्ञान प्रभाग

हिन्दी प्रकोष्ठ की गतिविधियां

हिन्दी कार्यशाला:

(क) संस्थान के जैवप्रौद्योगिकी एवं अनुवांशिकी प्रभाग में दिनांक २३ जून, २०१५ को एक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रभागाध्यक्ष सहित वैज्ञानिक, अनुसंधान अधिकारी और अन्य अनुसंधान सहायक उपस्थित थें। कार्यशाला **"कंप्यूटर में हिन्दी टाइपिंग"** विषय पर आयोजित किया गया था। कार्यशाला के प्रारंभ में डॉ. विपिन प्रकाश, वैज्ञानिक-डी एवं कार्यकारी हिन्दी अधिकारी ने सब का स्वागत किया और हिन्दी कार्यशाला की उपयोगिता संबंधी जानकारी दी। उन्होंने राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रमों के तहत विनिर्दिष्ट लक्ष्यों के बारे में जानकरी प्रदान की। इसके उपरान्त

प्रतिभागियों को हिन्दी में टाइपिंग करना सिखाया । ई-मेल के जरिए हिन्दी में लिखे हुआ पत्र किस तरह भेजा जा सकता है उस पर भी चर्चा की गई। हिन्दी टाइपिंग में कर्मचारियों के समस्याओं का निष्पादन भी किया गया। इसके अतिरिक्त गूगल (Google) के जरिए हिन्दी लिप्यन्तरण एवं अनुवाद की भी जानकारी दी गई।

ख) संस्थान के सम्मेलन कक्ष में दिनांक 14 दिसंबर, २०१५ को प्रातः ११बजे "राजभाषा हिन्दी" विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में संस्थान के नवनियुक्त अनुसचिवीय कर्मचारी उपस्थित थें। कार्यशाला के प्रारंभ में हिन्दी प्रकोष्ठ की ओर से सभी नवनियुक्त कर्मचारियों का स्वागत

किया गया और हिन्दी कार्यशाला की उपयोगिता संबंधी जानकारी दी गई। इसके उपरान्त प्रतिभागियों को राजभाषा हिन्दी से संबंधित विभिन्न पहलुओं का परिचय कराया गया। संस्थान में सक्रिय राजभाषा कार्यान्वयन समिति और इसके कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। उनको विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। व्यावहारिक ज्ञान के उपरान्त कर्मचारियों को हिन्दी में काम करने के लिए सहायक सामग्री दी गई और उनके समस्यओं का निराकरण किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन द्वारा कार्यशाला का समापन हुआ।

बजे एक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. आर.एस.सी. जयराज, निदेशक, व.व.अ.सं. जोरहाट एवं प्रभागों के प्रभागाध्यक्ष व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यशाला के प्रारंभ में हिन्दी प्रकोष्ठ की ओर से डॉ. विपिन प्रकाश, वैज्ञानिक-डी (प्रभारी, हिन्दी अधिकारी) ने सभी कर्मचारियों का स्वागत किया और हिन्दी कार्यशाला की उपयोगिता संबंधी जानकारी दी। स्वागत भाषण के उपरांत हिन्दी शिक्षण योजना के तहत हिन्दी भाषा परीक्षा पास कार्मिकों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र, सम्मानीय निदेशक महोदय, डॉ. जयराज (अध्यक्ष, राकास) के द्वारा वितरण किए गए। इसी अवसर पर वर्ष २०१४-१५ के लिए सरकारी कामकाज (टिप्पणी/आलेखन) मूल रूप से हिन्दी में करने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप तीन कार्मिकों को पुरस्कार प्रदान किया गया जिनमें श्रीमती दीपान्विता डेका, उच्च श्रेणी लिपिक को प्रथम, श्रीमती प्रीतिमणि दास बोरा, पुस्तकालय सूचना सहायक को द्वितीय और श्री प्रतुल हजारिका, अनुसंधान सहायक को तृतीय प्रमुख पुरस्कार प्राप्त-कर्ता हैं।

पुरस्कार वितरण के उपरांत, डॉ. आर.एस.सी. जयराज, निदेशक एवं अध्यक्ष, राकास ने अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रतिभागियों को राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए एवं कार्मिकों को विभिन्न पत्रिकाओं में हिन्दी में शोध पत्र, लेख आदि प्रकाशित करवाने का सुझाव दिया।

हिन्दी सप्ताह समारोह– २०१५:

संस्थान में ८ से १५ सितंबर, २०१५तक विभिन्न कार्यक्रमों के साथ हर्षोल्लास से हिन्दी सप्ताह मनाया गया। हिन्दी सप्ताह का शुभारंभ ८ सितंबर को प्रातः उद्घाटन समारोह के साथ किया गया था जिसमें संस्थान के निदेशक, डॉ. आर.एस.सी. जयराज तथा प्रभागों के प्रभागाध्यक्ष, सभी वैज्ञानिकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और शोधार्थी उपस्थित थें। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक तरीके से दीप प्रज्वलित करके किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में माननीय निदेशक महोदय डॉ. आर.एस. सी. जयराज ने भाषा सीखने के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति सिर्फ एक भाषा तक ही सीमित न रहे। भाषा सीखना एक कला है। जितनी भाषा हम सीखेंगे उतनी हमारी विभिन्न प्रदेशों के लोगों से संपर्क करने की क्षमता बढ़ेगी। आपसी सांस्कृतिक संवर्धन तभी हो सकता है। हिन्दी सप्ताह के प्रथम दिन अर्थात् दिनांक ८ सितंबर को निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। निबंध लेखन के विषय थें – क) भारत की उन्नति में हिन्दी भाषा का योगदान, ख) भारत की अखंडता और राजभाषा , और ग) असम की संस्कृति ।

हिन्दी सप्ताह के दूसरे दिन अर्थात ९सितंबर को श्रुतलेखन और हिन्दी कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। हिन्दी सप्ताह के तीसरे दिन (दिनांक १० सितंबर) कर्मचारियों के लिए आशुभाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। अशुभाषण प्रतियोगिता के उपरांत राजभाषा हिन्दी में वैज्ञानिक शोध को बढ़ावा देने के लिए राजीब कुमार कलिता, वैज्ञानिक-ई ने 'बांस और उपयोगिता' विषय पर एक व्याख्यान रखा।

हिन्दी सप्ताह के चौथे दिन दिनांक ११ सितंबर को सम्मेलन कक्ष में हिन्दी में वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था 'इंटरनेट, शिक्षगुरु की अहमियत को नकार नहीं सकते है (विपक्ष/पक्ष)"। वाद-विवाद प्रतियोगिता के वाद डॉ. गौरव मिश्रा, वैज्ञानिक-बी ने 'मृदा-एक परिचय'विषय पर प्रस्तुति रखा।

दिनांक १३ सितंबर को संस्थान के अधिकारियों और कर्मचारियों के बच्चों और गृहिणियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई।

"वर्षारण्यम" हिन्दी-असमीया ई-पत्रिका:

संस्थान के लिए यह एक हर्ष का विषय था कि श्री शंकर शर्मा, कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक के संपादकत्व में संस्थान से पहली बार असमीया और हिन्दी भाषा में छमाही ई-पत्रिका "वर्षारण्यम" का प्रकाशन किया गया। पत्रिका का लोकार्पण दिनांक १३ सितंबर, २०१५ को डॉ. एस. पी. सिंह, उप महानिदेशक (प्रशासन), भा. वा. अ. शि. प. के करकमलों से किया गया। इस संबंध में आयोजित बैठक में माननीय डॉ. आर.एस.सी. जयराज, निदेशक तथा सभी वरिष्ठ वैज्ञानिकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण और उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

दिनांक १५ सितंबर को प्रातः १० बजे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता आयोजित की गई।

हिन्दी सप्ताह का समापन दिनांक १५ सितंबर, २०१५ के अपराह्न आयोजित एक सभा के द्वारा किया गया। सभा में मुख्य अतिथि के रूप में हिन्दी साहित्य के अध्ययन-अध्यापन से जुड़े डॉ. विजय कुमार वर्मा, प्रोफ. एवं

विभागाधयक्ष, हिन्दी विभाग, जगन्नाथ बरुआ महाविद्यालय, जोरहाट आमंत्रित थे। सभा का शुभारंभ श्रीमती मौसुमी भट्टाचार्य के गायन से किया गया। सर्वप्रथम निदेशक आर.एस.सी. जयराज जी ने मुख्य अतिथि डॉ. विजय कुमार वर्मा को असमीया "फुलाम गामोछा" और स्मृतिचिह्न स्वरूप उपहार से उनका स्वागत किया। इसके बाद डॉ. विपिन प्रकाश, कार्यकारी हिन्दी अधिकारी ने सप्ताह भर आयोजित कार्यक्रमों की संक्षिप्त प्रतिवेदन सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। अपने भाषण में मुख्य अतिथि डॉ. वर्मा जी ने हिन्दी के शुद्ध प्रयोग पर ज़ोर दिया। सरलीकरण के पक्ष में उन्होंने हिन्दी में अन्य क्षेत्रीय भाषाओं से शब्दावली ग्रहण करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इसके बाद हिन्दी सप्ताह के दौरान आयोजित व्याख्यान माला में हिन्दी में वैज्ञानिक कार्य के व्याख्याता राजीब कुमार कलिता, वैज्ञानिक-ई और डॉ. गौरव मिश्रा, वैज्ञानिक-बी को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। उपस्थित सभासदों ने हिन्दी सप्ताह और आयोजित कार्यक्रमों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए और इन कार्यक्रमों की सराहना की। श्रीमती निबेदिता बरुआ दत्त ने स्वरचित कविता पाठ से सबका मन मोह लिया। सभासदों के वक्तव्य के बाद सप्ताह भर आयोजित विभिन्न प्रतियोगितओं के विजेताओं की घोषणा की गई और उनको पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किये गये। माननीय निदेशक आर.एस.सी. जयराज ने अपने भाषण में हिन्दी सहित अन्य सभी क्षेत्रीय भाषाओं को सम्मानीय आसन प्रकट किया। समारोह का संचालन कुमारी प्रिया ढुंगना, वरिष्ठ शोधार्थी, वन रक्षण प्रभाग कर रही थी।

हिन्दी सप्ताह पर मीडिया कवरेज

दैनिक पूर्वोदय

वर्षा वन अनुसंधान संस्थान में हिन्दी सप्ताह शुरू

নিৰ্ভীক সাংবাদিকতাৰ প্ৰতীক

দৈনিক জনমভূমি

e-paper : www.dainikjanambhumi.co.in.

September 9, 2015

বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠানত হিন্দী সপ্তাহৰ উদ্বোধনী সমাৰোহ

যোৰহাট ঃ ৮ ছেপ্টেম্বৰ ঃ বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠানত আজিৰে পৰা ১৪ ছেপ্টেম্বৰলৈ হিন্দী সপ্তাহ সমাৰোহৰ আয়োজন কৰিছে। প্ৰতিষ্ঠানৰ সঞ্চালক আৰ এছ চি জয়ৰাজ, ভা ব সে কে প্ৰমুখ্যে কৰি সকলো বিষয়া-কৰ্মচাৰীৰ উপস্থিতিত আজি পুৱা ১০ বজাত উক্ত সপ্তাহৰ উদ্বোধনী অনুষ্ঠান আৰম্ভ হয়। পৰম্পৰাগতভাৱে বন্তি প্ৰজ্বলনেৰে আৰম্ভ হোৱা উক্ত অনুষ্ঠানত বিজ্ঞানী ডি তথা কাৰ্যনিৰ্বাহক হিন্দী বিষয়া ড° বিপিন প্ৰকাশে আয়োজিতব্য সপ্তাহজোৰা অনুষ্ঠানসমূহৰ খতিয়ান দাঙি ধৰে। মঞ্চত উপবিষ্ট অন্যান্য বিভাগীয় মুৰব্বীসকলে ভাষাৰূপে হিন্দীৰ গুৰুত্ব আৰু ভূমিকাৰ উল্লেখেৰে সমাৰোহৰ বিভিন্ন অনুষ্ঠানত বিষয়া-কৰ্মচাৰীৰ সক্ৰিয় অংশ গ্ৰহণ কামনা কৰে। ইয়াৰ পাছত কনিষ্ঠ হিন্দী অনুবাদক শংকৰ শৰ্মাই প্ৰতিষ্ঠানৰ হিন্দী কোষৰ ৰাজভাষা বিষয়ক সমস্ত গতিবিধিৰ এক সংক্ষিপ্ত অৱলোকণ কৰে। সভাপতিৰ আসনৰ পৰা প্ৰতিষ্ঠানৰ সঞ্চালকে ভাষা শিক্ষণৰ সুফলসমূহ দাঙি ধৰে। উক্ত অনুষ্ঠানৰ আঁত ধৰে জ্যেষ্ঠ গৱেষণা কৰ্মী প্ৰিয়া ঢুংগানাই। আজি প্ৰবন্ধ লিখা প্ৰতিযোগিতাও অনুষ্ঠিত হয়।

দৈনিক জনমভূমি

বৰ্ষা অৰণ্য গৱেষণা প্ৰতিষ্ঠানত 'হিন্দী সপ্তাহ সমাৰোহ' উদ্‌যাপন

दैनिक पूर्वोदय

वर्षा वन अनुसंधान में हिन्दी सप्ताह संपन्न

हिन्दी सप्ताह समारोह - २०१५ की कुछ झलकियाँ

भारत की अखंडता और राजभाषा

(संस्थान में हिन्दी दिवस २०१५ के शुभ अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कृत निबंध)

भाषा वह माध्यम है जिसके द्वारा हम अपनी भावनाओं को दूसरों के सामने व्यक्त कर सकते हैं। यह एक ऐसा माध्यम जो दिलों को जोड़ती है और भाईचारा बढ़ाती है। हमारे भारत में भाषाएँ अनेक हैं, लेकिन 1949 के 14 सितंबर को हिन्दी को राजभाषा घोषित किया गया। हिन्दी एक ऐसी बोली है जो आजकल लगभग हर किसी को समझ में आती है और थोड़ी सी मेहनत से बोली जा सकती है। दूसरी ओर से देखा जाए तो आज पूरा भारत हिन्दी से अखण्डित है, क्योंकि एक आदमी भले ही देश के किसी प्रांत में चला जाये वह अपनी बात और भावनाएं आसानी से एक अजनबी के सामने रख सकता है। इसलिए यह स्पष्ट है कि भारती की एकता में हिन्दी का बहुत बड़ा योगदान है। हम कह सकते है कि हैं कि –

भाषा है अनेक,
पर 'हिन्दी' है अनेकों में एक;
जो लाती है सहज भावनाओं को,
और जोड़ती है दिल, एक एक॥

हिन्दी का फैलाव एवं प्रसार:

कहीं पढ़ने में आया था कि हिन्दी एक गरीब भाषा है। बात भले ही पुरानी है, लेकिन उसको झुठलाने में बहुत वक्त गुजर गया। क्योंकि आज के दौड़ में हिन्दी भाषा की तुलना में अँग्रेजी को ज्यादा महत्व दिया जाता है। बहुत लोगों की यह धारणा है कि अँग्रेजी भाषा में शिक्षित व्यक्ति समाज के अच्छे तबके के साथ शामिल हो सकते है। मतलब इसमें मज़बूरी छुपी होती है। यदि कहीं भाषण देना हो जहां किसी को अन्य भाषा समझमें नहीं आ रही हो, तब ही हिन्दी का उपयोग होता है अन्यथा नहीं। आजकल स्कूलों में भी जो हिन्दी का पाठ्यक्रम दिया गया है वह सिर्फ उसी के लिए पढ़ाया जाता है और बच्चे भी केवल परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए पढ़ते हैं, प्राध्यान्यता वे अँग्रेजी को ही देते है। जबकि वे भूल जाते है कि हिन्दी हमारी राजभाषा है और उसको सम्मान देना हमारा कर्त्तव्य है। जहां कहीं भी हम जाए भले ही वहाँ अँग्रेजी न समझ पाये लेकिन हिन्दी न समझे ऐसा बहुत कम देखा जाता है।

हिन्दी का फैलाव एवं प्रसार:

कहीं पढ़ने में आया था कि हिन्दी एक गरीब भाषा है। बात भले ही पुरानी है, लेकिन उसको झुठलाने में बहुत वक्त गुजर गया। क्योंकि आज के दौड़ में हिन्दी भाषा की तुलना में अँग्रेजी को ज्यादा महत्व दिया जाता है। बहुत लोगों की यह धारणा है कि अँग्रेजी भाषा में शिक्षित व्यक्ति समाज के अच्छे तबके के साथ शामिल हो सकते है। मतलब इसमें मज़बूरी छुपी होती है। यदि कहीं भाषण देना हो जहां किसी को अन्य भाषा समझमें नहीं आ रही हो, तब ही हिन्दी का उपयोग होता है अन्यथा नहीं। आजकल स्कूलों में भी जो हिन्दी का पाठ्यक्रम दिया गया है वह सिर्फ उसी के लिए पढ़ाया जाता है और बच्चे भी केवल परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए पढ़ते हैं, प्राध्यान्यता वे अँग्रेजी को ही देते है। जबकि वे भूल जाते है कि हिन्दी हमारी राजभाषा है और उसको सम्मान देना हमारा कर्त्तव्य है। जहां कहीं भी हम जाए भले ही वहाँ अँग्रेजी न समझ पाये लेकिन

राजभाषा नीति संबंधी प्रमुख निर्देश

हिन्दी न समझे ऐसा बहुत कम देखा जाता है।

विद्यालय, महाविद्यालय, ऑफिस व अन्य संस्थानों में हिन्दी की व्यवहारिकता पर जोड़ देना चाहिए। क्योंकि मनुष्य को जीविका या अन्य कारणवश एक जगह से दूसरी जगह, एक प्रांत से दूसरे प्रांत तक आना जाना पड़ता है। ऐसे समय हिन्दी के द्वारा ही वह अपनी बात व्यक्त कर सकता है, सामने वाले कि बात समझ सकता है, उसको जान सकता है। इससे संबंध मजबूत होते है जो भारत की अखण्डता में सहायक बनते है।

विद्यालय, महाविद्यालय, ऑफिस व अन्य संस्थानों में हिन्दी की व्यवहारिकता पर जोड़ देना चाहिए। क्योंकि मनुष्य को जीविका या अन्य कारणवश एक जगह से दूसरी जगह, एक प्रांत से दूसरे प्रांत तक आना जाना पड़ता है। ऐसे समय हिन्दी के द्वारा ही वह अपनी बात व्यक्त कर सकता है, सामने वाले कि बात समझ सकता है, उसको जान सकता है। इससे संबंध मजबूत होते है जो भारत की अखण्डता में सहायक बनते है।

हमको करनी है कोशिश,
हमारा भारत रहे अखण्डित।
अन्य हर एक कड़ी के साथ,
हिन्दी को भी करनी है उद्धित॥

डेइजी दास, पूर्व शोधार्थी
जैवपर्वेक्षण एवं स्वदेशी ज्ञान

राजभाषा अधिनियम, 1963

(यथासंशोधित,1967)

(1963 का अधिनियम संख्यांक 19)

उन भाषाओं का, जो संघ के राजकीय प्रयोजनों, संसद में कार्य के संव्यवहार, केन्द्रीय और राज्य अधिनियमों और उच्च न्यायालयों में कतिपय प्रयोजनों के लिए प्रयोग में लाई जा सकेंगी,उपबन्ध करने के लिए अधिनियम । भारत गणराज्य के चौदहवें वर्ष में संसद द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो:-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ-

(1) यह अधिनियम राजभाषा अधिनियम, 1963 कहा जा सकेगा।

(2) धारा 3, जनवरी, 1965 के 26 वें दिन को प्रवृत्त होगी और इस अधिनियम के शेष उपबन्ध उस तारीख को प्रवृत्त होंगे जिसे केन्द्रीय सरकार,शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करे और इस अधिनियम के विभिन्न उपबन्धों के लिए विभिन्न तारीखें नियत की जा सकेंगी।

2. परिभाषाएं--इस अधिनियम में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,

(क) 'नियत दिन' से, धारा 3 के सम्बन्ध में, जनवरी, 1965 का 26वां दिन अभिप्रेत है और इस अधिनियम के किसी अन्य उपबन्ध के सम्बन्ध में वह दिन अभिप्रेत है जिस दिन को वह उपबन्ध प्रवृत्त होता है;

(ख) 'हिन्दी' से वह हिन्दी अभिप्रेत है जिसकी लिपि देवनागरी है।

3. संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिए और संसद में प्रयोग के लिए अंग्रेजी भाषा का रहना--

(1) संविधान के प्रारम्भ से पन्द्रह वर्ष की कालावधि की समाप्ति हो जाने पर भी, हिन्दी के अतिरिक्त अंग्रेजी भाषा, नियत दिन से ही,

(क) संघ के उन सब राजकीय प्रयोजनों के लिए जिनके लिए वह उस दिन से ठीक पहले प्रयोग में लाई जाती थी ; तथा

(ख) संसद में कार्य के संव्यवहार के लिए प्रयोग में लाई जाती रह सकेगी :

परंतु संघ और किसी ऐसे राज्य के बीच, जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में नहीं अपनाया है, पत्रादि के प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा प्रयोग में लाई जाएगी:

परन्तु यह और कि जहां किसी ऐसे राज्य के, जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में अपनाया है और किसी अन्य राज्य के, जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में नहीं अपनाया है, बीच पत्रादि के प्रयोजनों के लिए हिन्दी को प्रयोग में लाया जाता है, वहां हिन्दी में ऐसे पत्रादि के साथ-साथ उसका अनुवाद अंग्रेजी भाषा में भेजा जाएगा :

परन्तु यह और भी कि इस उपधारा की किसी भी बात का यह अर्थ नहीं लगाया जाएगा कि वह किसी ऐसे राज्य को, जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में नहीं अपनाया है, संघ के साथ या किसी ऐसे राज्य के साथ, जिसने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में अपनाया है, या किसी अन्य राज्य के साथ, उसकी सहमति से, पत्रादि के प्रयोजनों के लिए हिन्दी को प्रयोग में लाने से निवारित करती है, और ऐसे किसी मामले में उस राज्य के साथ पत्रादि के प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग बाध्यकर न होगा ।कार्यालय के और दूसरे मंत्रालय या विभाग या कार्यालय के बीच ;ii) केन्द्रीय सरकार के एक मंत्रालय या विभाग या कार्यालय के और केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में के

(2) उपधारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, जहां पत्रादि के प्रयोजनों के लिए हिन्दी या अंग्रेजी भाषा--

(i) केन्द्रीय सरकार के एक मंत्रालय या विभाग या

(या नियंत्रण में के किसी निगम या कम्पनी या उसके किसी कार्यालय के बीच ;

(iii) केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में के या नियंत्रण में के किसी निगम या कम्पनी या उसके किसी कार्यालय के और किसी अन्य ऐसे निगम या कम्पनी या कार्यालय के बीच ;

प्रयोग में लाई जाती है वहां उस तारीख तक, जब तक पूर्वोक्त संबंधित मंत्रालय, विभाग, कार्यालय या विभाग या कम्पनी का कर्मचारीवृद हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त नहीं कर लेता, ऐसे पत्रादि का अनुवाद, यथास्थिति, अंग्रेजी भाषा या हिन्दी में भी दिया जाएगा।

(3) उपधारा (1) में अन्तर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी हिन्दी और अंग्रेजी भाषा दोनों ही--

(i) संकल्पों, साधारण आदेशों, नियमों, अधिसूचनाओं, प्रशासनिक या अन्य प्रतिवेदनों या प्रेस विज्ञप्तियों के लिए, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा या उसके किसी मंत्रालय, विभाग या कार्यालय द्वारा या केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में के या नियंत्रण में के किसी निगम या कम्पनी द्वारा या ऐसे निगम या कम्पनी के किसी कार्यालय द्वारा निकाले जाते हैं या किए जाते हैं ;

(ii) संसद के किसी सदन या सदनों के समक्ष रखे गए प्रशासनिक तथा अन्य प्रतिवेदनों और राजकीय कागज-पत्रों के लिए ;

(iii) केन्द्रीय सरकार या उसके किसी मंत्रालय, विभाग या कार्यालय द्वारा या उसकी ओर से या केन्द्रीय सरकार के स्वामित्व में के या नियंत्रण में के किसी निगम या कम्पनी द्वारा या ऐसे निगम या कम्पनी के किसी कार्यालय द्वारा निष्पादित संविदाओं और करारों के लिए तथा निकाली

गई अनुज्ञप्ि‍ियों,अनुज्ञापत्रों, सूचनाओं और निविदा-प्ररूपों के लिए, प्रयोग में लाई जाएगी।

(4) उपधारा (1) या उपधारा (2) या उपधारा (3) के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना यह है कि केन्द्रीय सरकार धारा 8 के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा उस भाषा या उन भाषाओं का उपबन्ध कर सकेगी जिसे या जिन्हें संघ के राजकीय प्रयोजन के लिए, जिसके अन्तर्गत किसी मंत्रालय,विभाग, अनुभाग या कार्यालय का कार्यकरण है, प्रयोग में लाया जाना है और ऐसे नियम बनाने में राजकीय कार्य के शीघ्रता और दक्षता के साथ निपटारे का तथा जन साधारण के हितों का सम्यक ध्यान रखा जाएगा और इस प्रकार बनाए गए नियम विशिष्टतया यह सुनिश्चित करेंगे कि जो व्यक्ति संघ के कार्यकलाप के सम्बन्ध में सेवा कर रहे हैं और जो या तो हिन्दी में या अंग्रेजी भाषा में प्रवीण हैं वे प्रभावी रूप से अपना काम कर सकें और यह भी कि केवल इस आधार पर कि वे दोनों ही भाषाओं में प्रवीण नहीं है उनका कोई अहित नहीं होता है।

(5) उपधारा (1) के खंड (क) के उपबन्ध और उपधारा (2), उपधारा (3) और उपधारा (4), के उपबन्ध तब तक प्रवृत्त बने रहेंगे जब तक उनमें वर्णित प्रयोजनों के लिए अंग्रेजी भाषा का प्रयोग समाप्त कर देने के लिए ऐसे सभी राज्यों के विधान मण्डलों द्वारा, जिन्होंने हिन्दी को अपनी राजभाषा के रूप में नहीं अपनाया है, संकल्प पारित नहीं कर दिए जाते और जब तक पूर्वोक्त संकल्पों पर विचार कर लेने के पश्चात् ऐसी समाप्ति के लिए संसद के हर एक सदन द्वारा संकल्प पारित नहीं कर दिया जाता।

4 .राजभाषा के सम्बन्ध में समिति -

(1) जिस तारीख को धारा 3 प्रवृत्त होती है उससे दस वर्ष की समाप्ति के पश्चात, राजभाषा के सम्बन्ध में एक समिति, इस विषय का संकल्प संसद के किसी भी सदन में राष्ट्रपति की पूर्व मंजूरी से प्रस्तावित और दोनों सदनों द्वारा पारित किए जाने पर, गठित की जाएगी।

(2) इस समिति में तीस सदस्य होंगे जिनमें से बीस लोक सभा के सदस्य होंगे तथा दस राज्य सभा के सदस्य होंगे, जो क्रमशः लोक सभा के सदस्यों तथा राज्य सभा के सदस्यों द्वारा आनुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति के अनुसार एकल संक्रमणीय मत द्वारा निर्वाचित होंगे।

